दिन– गुरूवार                                                  दिनांक– 24 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।                                   अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। श्री मोदी ने मधुबनी के झंझारपुर में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत इस हमले में शामिल हर एक गुनहगार को चुन–चुन कर सजा देगा। उन्होंने कहा कि आतंकियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जायेगी। श्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरा देश दुःखी है। उन्होंने कहा कि हम देशवासियों को विश्वास दिलाना चाहते है कि इस मामले में पूरा देश एकजुट है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन से पहले मौन धारन कर आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज मधुबनी से तेरह हजार 480 करोड़ रूपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया और आधारशिला रखी। उन्होंने आठ सौ 70 करोड़ रूपए की लागत वाली रेल परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया और चार रेलगाड़ियों को हरीझंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रेपिड रेल तथा सहरसा और मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से झंडी दिखाकर रवाना किया। यह देश में दूसरी नमो भारत रेलगाड़ी है, वहीं अमृत भारत की तीसरी रेल सेवा शुरू की जा रही है। श्री मोदी ने सहरसा से पिपरा और समस्तीपुर से सहरसा के बीच दो पैसेंजर रेलगाड़ियों को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान सुपौल से पिपरा, हसनपुर से बिथान और खगड़िया से अलौली के बीच रेल लाइनों का उद्‌घाटन कर उन्हें राष्ट्र को सौंपा। यह सभी परियोजनाएं क्षेत्र में रेल संपर्क सेवा को बेहतर बनाएंगी और इसमे सामाजिक–आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है। सीवान, सारण, गोपालगंज, पश्चिम चंपारण, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभूआ समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर अधिकतम पारा चौवालीस डिग्री सेल्सियस करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले कुछ दो दिनों के दौरान अधिकतम पारा में एक से तीन डिग्री सेल्सियस वृद्धि का अनुमान है। कई स्थानों पर झुलसाने वाली गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। इधर, विभाग ने छब्बीस अप्रैल से किशनगंज, अररिया, पूर्णियां, कटिहार, समेत राज्य के पूर्वी इलाकों में कई स्थानों पर आंधी–बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना जताई है। जिसके प्रभाव से इन इलाकों में तापमान में कमी आएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

———————————————————————

इधर, भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग नारियल पानी, शरबत और ठंडे पेय पदार्थों का इस्तमाल कर रहे है। राज्य सरकार ने सभी अस्पतालों को हिट वेव से पैदा हुए हालात से निपटने के लिए अलर्ट रहने को कहा है। अस्पतालों में लू प्रभावित लोगों के इलाज के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। केन्द्र सरकार ने भी परामर्श जारी कर कंपनियों और नियोक्ताओं को मजदूरों को गर्मी और लू से बचाने के लिए प्रबंध करने को कहा है।

———————————————————————

छत्तीसगढ़ में पिछले दिनों हुए नक्सली हमले में शहीद जवान दिलीप पासवान का पार्थिव शरीर आज रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत उनके पैतृक गांव सेमरी पहुंचा। अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमर पड़ी। पूरे राजकीय सम्मान के साथ शहीद जावन का अंतिम संस्कार किया गया।

———————————————————————

मधेपुरा जिले के रतवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनामुखी बाजार इलाके में अपराधियों ने पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संजय जायसवाल की गोली मार कर हत्या कर दी।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण के बेतिया समाहरणालय परिसर के बाहर राजद के कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले लोग के लिए सरकारी योजना के तहत जमीन उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे।

———————————————————————————

समाप्त